**Series 5JLZφ6/C**

**SET~4**

**कोड नं. 89**

**रोल नं.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

*परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# सूचना प्रौद्योगिकी

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

**सामान्य निर्देश :**

(a) कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।

(b) इस प्रश्न–पत्र में **21** प्रश्न हैं जो कि दो खण्डों में विभाजित हैं – खण्ड अ और खण्ड ब ।

(c) खण्ड अ में वस्तुपरक प्रश्न हैं जबकि खण्ड ब में विषयपरक प्रश्न शामिल हैं ।

(d) **दिए गए (5 + 16 = 21) प्रश्नों में से प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित (अधिकतम) समय 2 घंटों में (5 + 10 = 15) प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।**

(e) किसी भी खण्ड विशेष के सभी प्रश्नों के उत्तर सही क्रम में लिखे जाएँ ।

(f) **खण्ड अ : वस्तुपरक प्रश्न (24 अंक)**

  (i) इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं ।

  (ii) कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।

  (iii) दिए गए निर्देशानुसार उत्तर लिखें ।

  (iv) निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न/खण्ड के सामने दिए गए हैं ।

*(g)* ***खण्ड ब : विषयपरक प्रश्न (26 अंक)***

*(i)* *इस खण्ड में 16 प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक विद्यार्थी को 10 प्रश्न हल करने हैं ।*

*(iii)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दें ।*

*(iv)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न/खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

**खण्ड अ**

**(वस्तुपरक प्रश्न)** ***(24 अंक)***

**1.** रोज़गार कौशलों पर दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा फीडबैक का प्रकार ***नहीं*** है ? *1*

(A) पोज़िटिव फीडबैक

(B) नेगेटिव फीडबैक

(C) नो फीडबैक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ii) SMART लक्ष्यों में, "A" का क्या अर्थ है ? *1*

(A) आर्टिफ़िशियल

(B) ऐम (लक्ष्य)

(C) एलाइनमेंट

(D) एचीवेबल

(iii) नेहा वर्ष के अंत में सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार पाने के लिए कड़ी मेहनत करती है । यह किस प्रकार की प्रेरणा है ? *1*

(A) आंतरिक

(B) बाह्य

(C) दोनों (आंतरिक और बाह्य)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सी शॉर्टकट कुंजी एक फाइल की सभी सामग्री का चयन (सिलेक्ट) करने के लिए उपयोग की जाती है ? *1*

(A) कंट्रोल + A

(B) कंट्रोल + X

(C) कंट्रोल + V

(D) कंट्रोल + Y

(v) __________ का मतलब एक ऐसा उत्पाद या सेवा है, जिसे लोग चाहते हैं । *1*

(vi) SDGs का पूरा नाम __________ है । *1*

**2.** दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) __________ में मार्जिन, हेडर और फुटर, बॉर्डर और बैकग्राउंड शामिल होते हैं । *1*

(A) पेज स्टाइल

(B) पैराग्राफ स्टाइल

(C) कैरेक्टर स्टाइल

(D) फ्रेम स्टाइल

(ii) _________ का उपयोग, रैपिंग प्रकार, बॉर्डर और बैकग्राउंड को शामिल करते हुए ग्राफिक और टेक्स्ट फ्रेम को फॉर्मेट (परिवर्तित) करने में किया जाता है । *1*

(A) पैराग्राफ स्टाइल

(B) सेल स्टाइल

(C) फ्रेम स्टाइल

(D) कैरेक्टर स्टाइल

(iii) ___________ चुने हुए एंकर पॉइंट के संबंध में ग्राफिक के वर्टिकल या हॉरिजॉन्टल प्लेसमेंट को संदर्भित करता है । *1*

(A) अरेंजमेंट

(B) एंकरिंग

(C) टेक्स्ट रैपिंग

(D) एलाइनमेंट

(iv) _________ एक मॉडल है जिसका उपयोग आप अन्य दस्तावेज़ बनाने के लिए करते हैं । *1*

(A) पेज

(B) टेम्पलेट

(C) फॉर्मेट

(D) एंकरिंग

(v) कैरेक्टर स्टाइल का उपयोग ग्राफिक और टेक्स्ट फ्रेम को फॉर्मेट (परिवर्तित) करने में किया जाता है । (सही/ग़लत) *1*

(vi) ___________ ग्राफिक के लिए रेफरेन्स पॉइंट को संदर्भित करता है । *1*

(A) एलाइनमेंट

(B) एंकरिंग

(C) अरेंजमेंट

(D) टेक्स्ट रैपिंग

**3.** दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) एक ________ लिंक केवल तभी काम करना बंद कर देगा जब लक्ष्य को स्थानांतरित कर दिया जाएगा । *1*

(ii) हाइपरलिंक डायलॉग बॉक्स में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उपलब्ध ***नहीं*** है ? 1

(A) इंटरनेट

(B) डॉक्यूमेंट

(C) न्यू डॉक्यूमेंट

(D) डाउनलोड

(iii) आप विभिन्न ____________ और अन्य डेटा स्रोतों को एक्सेस कर सकते हैं और उन्हें Calc वर्कशीट में लिंक कर सकते हैं । 1

(iv) एक मैक्रो, कमाण्ड या कीस्ट्रोक का एक संचित किया (सहेजा) गया अनुक्रम है जिसे बाद में उपयोग के लिए संग्रहीत किया जाता है । (सही/ग़लत) 1

(v) ओपनऑफिस डेटाबेस का फाइल नेम एक्सटेंशन .odb होता है । (सही/ग़लत) 1

(vi) हम अपने डेटा को ________ की सहायता से आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित कर सकते हैं । 1

**4.** दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) एक _________ , डेटा का एक संगठित संग्रह है । आप इसे जानकारी के एक कंटेनर के रूप में देख सकते हैं । 1

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अन्य विकल्पों से अलग है ? 1

(A) कॉलम

(B) एट्रिब्यूट

(C) टपल

(D) फील्ड

(iii) इस रिलेशनशिप में, दोनों टेबल में प्राइमरी-की कॉलम होने चाहिए । 1

(A) वन-टू-मेनी

(B) वन-टू-वन

(C) मेनी-टू-मेनी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iv) _________ डेटा टाइप का उपयोग, डेटाबेस के टेबल की फील्ड में संख्यांक (नम्बर) मानों को परिभाषित (वर्णित) करने के लिए किया जाता है । 1

(v) एक ___________ किसी विशेष सरल प्रकार के डेटा मानों का एक समूह है, जो टेबल की प्रत्येक पंक्ति के लिए एक है । 1

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा डेटाबेस का लाभ है ? 1

(A) रिकवरी

(B) बैकअप

(C) डेटा सिक्युरिटी

(D) उपर्युक्त सभी

5. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) ________ एक एक्सेसिबिलिटी फ़ीचर है, जो उन लोगों की सहायता करता है जिन्हें कीबोर्ड या माउस (या दोनों) का उपयोग करने में कठिनाई होती है । *1*

(A) टॉगल की

(B) फिल्टर की

(C) स्टिकी की

(D) सीरियल की

(ii) ________ एक एक्सेसिबिलिटी फंक्शन है, जो दृष्टि दोष या संज्ञानात्मक विकलांगता वाले लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है । *1*

(A) टॉगल की

(B) फिल्टर की

(C) स्टिकी की

(D) सीरियल की

(iii) ISP का पूरा नाम ____________ होता है । *1*

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा वायरलेस तकनीक ***नहीं*** है ? *1*

(A) डी.एस.एल.

(B) 3जी

(C) वाईमैक्स

(D) वाईफाई

(v) माउस की, एक एक्सेसिबिलिटी फ़ीचर है, जो उन लोगों की सहायता करता है जिन्हें माउस का उपयोग करने में कठिनाई होती है । (सही/ग़लत) *1*

(vi) एक मज़बूत पासवर्ड बनाने के लिए, हमें संख्याओं, बड़े तथा छोटे अक्षरों और कुछ प्रतीकों (यदि अनुमति हो) का उपयोग करना चाहिए । (सही/ग़लत) *1*

## खण्ड ब

### (विषयपरक प्रश्न) *(26 अंक)*

*रोज़गार कौशलों पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

6. दृश्य संचार से आपका क्या अभिप्राय है ? *2*

7. "स्व-प्रेरणा" क्या है ? *2*

8. वर्म को परिभाषित कीजिए । *2*

9. उद्यमिता को परिभाषित कीजिए । *2*

10. जैविक खेती से आपका क्या अभिप्राय है ? *2*

*दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *4×2=8*

**11.** स्टाइल से आप क्या समझते हैं ? *2*

**12.** सेल रेफरेन्स को परिभाषित कीजिए । *2*

**13.** रिलेटिव तथा एब्सोल्यूट हाइपरलिंक में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**14.** आर.डी.बी.एम.एस. को परिभाषित कीजिए । *2*

**15.** क्लाइंट-सर्वर आर्किटेक्चर क्या है ? *2*

**16.** हाई कॉन्ट्रास्ट के आप क्या समझते हैं ? *2*

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 – 80 शब्दों में दीजिए ।* *3×4=12*

**17.** एक इमेज (चित्र) को रिसाइज़ करने की विधि लिखिए । *4*

**18.** मूल और संपादित वर्कशीट की तुलना कैसे करेंगे ? *4*

**19.** रिलेशनशिप से आपका क्या अभिप्राय है ? विभिन्न प्रकार की रिलेशनशिप को समझाइए । *4*

**20.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *4*

(a) प्राइवेसी

(b) डेटा कंसिस्टेंसी

**21.** इंटरनेट पर चैट करते समय ध्यान रखने वाले कोई चार नियम या शिष्टाचार लिखिए । *4*